प्रेस नोट
दिनांक 14.06.2026

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा चलाये गए विशेष अभियान के तहत 69 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः—

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित व गैर—जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने—अपने थाना क्षेत्रों में लंबित गैर—जमानती वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

उक्त अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कुल 69 गैर—जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना—वार गिरफ्तारी का विवरण निम्नानुसार है— थाना को0 नगर पुलिस ने 13, थाना को0 देहात पुलिस ने 05, थाना इटियाथोक पुलिस ने 09, थाना खरगूपुर पुलिस ने 04, थाना मोतीगंज पुलिस ने 02, थाना धानेपुर पुलिस ने 02, थाना छपिया पुलिस ने 02, थाना खोड़ारे पुलिस ने 02, थाना तरबगंज पुलिस ने 07, थाना नवाबगंज पुलिस ने 06, थाना वजीरगंज पुलिस ने 02, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 01, थाना को0 कर्नलगंज पुलिस ने 02, थाना परसपुर पुलिस ने 03, थाना कटराबाजार पुलिस ने 07 व थाना कौड़िया पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 14.06.2026

परिवार परामर्श केन्द्र में 01 जोड़ा एक साथ रहने को हुए राजीः–

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 01 जोडे को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण–

महिला थाना प्रभारी श्रीमती अनीता यादव, श्री शशि कुमार भारती, श्री राजमंगल मौर्य, श्री यशोदा नन्दन त्रिपाठी, उ0नि0 तसरीफ अहमद, म0आ0 शाहिना बानो आदि उपस्थित रही।

मीडिया सेल, गोंडा।